


# दूषित पानी की शिकायतों पर फील्ड में उतरे निगम आयुक्त, वार्डों का किया निरीक्षण

## अतिरिक्त टीम लगाकर मरम्मत के निर्देश, स्वयं आयुक्त ने लिया पानी का सेम्पल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 फरवरी, प्रशिक्षण अवकाश से वापस लौटे नगर निगम आयुक्त डा. सौरभ सोनवणे दूषित पानी की मिल रही शिकायत को लेकर मैदानी स्तर पर वार्डो का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान स्वयं पानी का सेम्पल एकत्र करने के साथ पाइप लाइन का मरम्मत अतिरिक्त टीम लगाकर कराने के निर्देश दिये.**





शहर में दूषित एवं गंदे पेयजल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगम आयुक्त ने संबंधित क्षेत्रों का फील्ड भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए जल गुणवत्ता एवं लीकेज चिन्हांकन का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 16 आजाद नगर पहुंचकर तीन घरों का स्वयं पेयजल सप्लाई का सैंपल जांचा तथा पेयजल आपूर्ति की स्थिति का स्थलीय जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां नाली के नीचे पुरानी पाइपलाइन होने के कारण लीकेज सुधारना कठिन हो रहा है, वहां तत्काल नई पाइपलाइन बिछाई जाए. निगम आयुक्त ने कहा कि वार्ड 11, 12, 16 एवं 26 से दूषित जल संबंधी शिकायतें अधिक प्राप्त हो रही हैं. इन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए. लीकेज सुधार एवं पाइपलाइन रिपेयर के लिए अतिरिक्त टीम लगाकर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए. अधिकारियों ने जानकारी दी कि वार्ड 12 में दूषित जल की समस्या वाले क्षेत्रों में नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके. निगम आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि दूषित जल की शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें. जहां आवश्यकता हो, तत्काल नई पाइपलाइन बिछाएं और जहां नई पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां सप्लाई जोड़कर स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराएं. निरीक्षण के दौरान पार्षद वार्ड 16 शालिकराम नापित, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री एस एन द्विवेदी उपस्थित रहे.

### चार वार्ड में सबसे ज्यादा पानी की समस्या

इंदौर की घटना के बाद रीवा नगर निगम एक्शन में आ गया था. पाइप लाइन की लीकेज मरम्मत के साथ जहा से भी शिकायते मिल रही थी उन्हे ठीक किया जा रहा है. शहर के चार वार्ड ऐसे है जहा सबसे ज्यादा दूषित पानी की समस्या है. वार्ड क्रमांक 11, 12 और 16, 26 में दूषित पानी की समस्या काफी समय से है. यहा पर पुरानी पेयजल पाइप लाइन है जिसकी वजह से दूषित पानी लोगो के घरो में पहुंचता है इसके अलावा कई जगह लीकेज है. अवकाश से वापस लौटन के बाद निगम आयुक्त औचक निरीक्षण कर लोगो से मिले.



# मऊगंज कलेक्टर के विरोध में कमिश्नर कार्यालय के सामने अर्धनग्न मुण्डन संस्कार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 फरवरी, रीवा जिले से अलग होकर नवगठित हुआ मऊगंज जिला अपने गठन के बाद से ही चर्चाओं में है. बीते कई महीनें से मऊगंज कलेक्टर के निज सचिव के खिलाफ चले आंदोलन के बाद अब कलेक्टर के विरोध की चिंगारी रीवा पहुंच चुकी है.**

देश बचाओ अध्यात्मिक राष्ट्रीय पुर्नजागरण अभियान के तत्वाधान में मऊगंज कलेक्टर के खिलाफ रीवा कमिश्नर को ज्ञापन सौपा गया. साथ ही कड़ाके की ठंड में सिर का मुंडन संस्कार कराकर विरोध जताया गया. मऊगंज जिला प्रशासन के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारी आज रीवा संभागायुक्त कार्यालय पहुंचे जहां मऊगंज कलेक्टर के खिलाफ ना सिर्फ विरोध प्रदर्शन किया बल्कि कडकडाती ठंड में नंगे बदन धरने पर बैठे और विरोध स्वरूप सिर का मुण्डन संस्कार भी कराया है. प्रदर्शनकारियों में देश बचाओ अध्यात्मिक राष्ट्रीय पुर्नजागरण अभियान के राष्ट्रीय प्रचारक मुद्रिका प्रसाद त्रिपाठी, रिटायर्ड शिक्षक सहित अन्य लोग शामिल रहे. उन्होंने कहा कि सिर का मुण्डन करा वह व्यवस्था में परिवर्तन का संदेश देना चाहते है. प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मऊगंज कलेक्टर द्वारा संवैधानिक मर्यादाओं की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है. उन्होंने ज्ञापन पत्र के माध्यम से कलेक्टर को तत्काल निलंबित करने और फरियादिया शिक्षिका शकुंतला नीरत का कूटरचित निलंबन समाप्त करने की मांग की है. फिलहाल इस विरोध प्रदर्शन के बीच स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और प्रदर्शनकारियों को समझाइस देते हुए उन्हें शांत कराया.

## संक्षिप्त

### नगरीय विकास एवं आवास मंत्री का स्वागत



**रीवा**. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री, मध्यप्रदेश शासन कैलाश विजयवर्गीय के रीवा आगमन पर उनका आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत किया गया. इस अवसर पर रीवा नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय एवं निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवणे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर विजयवर्गीय का अभिनंदन किया. इसके उपरांत मंत्री श्री विजयवर्गीय ने स्थानीय कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए प्रेस वार्ता की. इस दौरान उन्होंने केंद्रीय बजट 2026 से संबंधित विषयों एवं विकासात्मक योजनाओं पर चर्चा की. तत्पश्चात मंत्री श्री विजयवर्गीय दोपहर 3 :30 बजे रीवा से सड़क मार्ग द्वारा अपने अगले गंतव्य के लिए रवाना हुए.

### संयुक्त बैठक आज

**रीवा**. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति विभाग की संयुक्त बैठक 5 फरवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित की गयी है. कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर कांफ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं की भी समीक्षा की जायेगी. बैठक में विभाग प्रमुख के साथ खण्ड स्तरीय अधिकारी एवं उपयंत्री भी उपस्थित रहेंगे.

### नजूल निर्वतन समिति की बैठक कल

**रीवा**. संभागीय नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक 6 फरवरी को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की जा रही है. इसकी अध्यक्षता कमिश्नर बीएस जामोद करेंगे. बैठक में रीवा तथा मऊगंज जिले के प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा. समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### अपर कलेक्टर अपीलीय अधिकारी नियुक्त

**रीवा**. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के किसी भी निर्णय की अपील सुनने के लिए अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी श्रीमती सपना त्रिपाठी को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है. अपर कलेक्टर प्राप्त अपीलों का 15 दिन की समय सीमा में सुनवाई करके निराकरण करेंगी.

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन की बैठक 8 को

**रीवा**. प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला रीवा की कार्यकारिणी की बैठक 08 फरवरी को 01 बजे दोपहर संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में आयोजित की गई है. जिसमें कार्यकारिणी के सदस्य पदाधिकारियों के अलावा तहसील एवं विकास खण्ड शाखाओं के अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे. जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी नें सभी बैठक में उपस्थित होने की अपील की है साथ ही जनवरी माह में 5 सूत्रीय मांग पत्र प्रधानमंत्री भारत सरकार को सदस्यों द्वारा डाक से भेजे गये पत्र की सूची भी बैठक में लाने हेतु आग्रह किया गया है.

### नोडल अधिकारी ने लिया शिविर का जायजा

**रीवा**. कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा संकल्प से समाधान अभियान की निगरानी के लिए संभागीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है. नोडल अधिकारी तथा क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. सत्यभामा अवधिया ने सीधी जिले में आयोजित शिविर का जायजा लिया. डॉ. अवधिया ने ग्राम पंचायत पनवार चौहानन टोला में आयोजित शिविर में शामिल होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने शिविर प्रभारी से आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों तथा उनके निराकरण की जानकारी ली. डॉ. अवधिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करके विभागीय गतिविधियों के संबंध में अधीनस्थों को निर्देश दिए.

### पटवारी को कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश

**रीवा**. एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी ने पटवारी सुश्री दिव्या सिंह गहरवार को 15 दिन की अधिकतम समय सीमा में एसडीएम कार्यालय हुजूर में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं. सुश्री गहरवार को विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण 21 नवम्बर 2025 को निलंबित किया गया था. निलंबन के बाद सुश्री गहरवार निर्धारित मुख्यालय से लगातार अनुपस्थित हैं. उनके द्वारा दिए गए स्थाई पता ग्राम पितरी पोस्ट परिहारन पुरवा तहसील जवा में भेजा गया. आरोप पत्र सही पता न होने के कारण लौट आया है. समाचार पत्रों के माध्यम से सुश्री गहरवार को 15 दिवस में एसडीएम कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए जा रहे हैं. समय सीमा में उपस्थित न होने पर एक पक्षीय वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 32739 आवेदन पत्र दर्ज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 फरवरी, आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है.**

जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है. अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं.

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 32739 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं. इनमें से 19165 आवेदन पत्रों को स्वीकृत किया गया है. विभिन्न कारणों से 1154 आवेदन पत्र अस्वीकृत किए गए हैं. ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 2481, विकासखण्ड रीवा में 9071, विकासखण्ड सिरमौर में 8060, विकासखण्ड गंगेव में 6772, विकासखण्ड त्योंथर में 2633 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 1590 आवदेन पत्र दर्ज हुए हैं. शहरी क्षेत्रों में नगर निगम रीवा में 1593, नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 31, नगर परिषद चाकघाट में 121, नगर परिषद डभौरा में 91, नगर परिषद त्योंथर में 78, नगर परिषद गुढ़ में 79, नगर परिषद मनगवां 25, नगर परिषद गोविंदगढ़ 10, सेमरिया 48 तथा नगर परिषद सिरमौर में 56 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं.

# लापरवाही बरतने पर तीन एएनएम निलंबित, पांच का कटा वेतन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 फरवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तीन लापरवाह एएनएम को निलंबित करने के आदेश दिए हैं. इन एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच के बाद अनमोल पोर्टल पर तथ्यहीन डाटा दर्ज किया गया. महिलाओं के रक्तचाप और हीमोग्लोबिन की जानकारी दर्ज करने में लापरवाही बरती गई.**

इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए बीएमओ द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया. नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है. यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत की गई है. जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार एएनएम श्रीमती प्रमिला शुक्ला उप स्वास्थ्य केन्द्र कोलहाई विकासखण्ड गंगेव को निलंबित किया गया है. इनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायपुर कर्चुलियान निर्धारित किया गया है. इसी तरह एएनएम विमला तिवारी उप स्वास्थ्य केन्द्र लूक विकासखण्ड जवा के विरूद्ध भी निलंबन की कार्रवाई की गई है. इनका मुख्यालय सिविल अस्पताल सिरमौर निर्धारित किया गया है. एएनएम श्रीमती रामरती तिवारी उप स्वास्थ्य केन्द्र जरहा को भी निलंबित किया गया है.

इनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोविंदगढ़ निर्धारित किया गया है. इन सभी को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी. कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और जाँच में लापरवाही बरतने तथा पोर्टल में डाटा एन्ट्री ठीक से न करने पर 5 संविदा एएनएम का 5-5 दिन का मानदेय राजसात करने के आदेश दिए हैं. कलेक्टर ने संविदा एएनएम श्रीमती सुनीता कोल एसएचसी डेल्ही, श्रीमती नीतू शुक्ला एएनएम शहरी क्षेत्र रीवा, श्रीमती शिवकांति आदिवासी एएनएम एसएचसी हरदुआ, श्रीमती आरती द्विवेदी एएनएम शहरी क्षेत्र रीवा तथा श्रीमती मधु पाण्डेय एएनएम शहरी क्षेत्र रीवा का मानदेय काटने के आदेश दिए हैं.

# बजट प्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा : विजयवर्गीय

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 फरवरी, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने केंद्रीय बजट को लेकर कहा कि केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है.**



बुधवार को अल्प प्रवास पर रीवा पहुंचे श्री विजयवर्गीय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट मध्यप्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा. पूंजीगत व्यय में वृद्धि, शहरों के विकास व लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम का विकास प्रदेश के लिए वरदान बनेगा. यह बजट सतत आर्थिक विकास के साथ जन आपेक्षाओं को पूरा करने वाला है. प्रधानमंत्री मोदी जी ने समय-समय पर अपने निर्णयों से देश को सशक्त बनाने के साथ दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया है. इस बजट के माध्यम से उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार के अनेक अवसर पैदा होंगे.

यह केंद्रीय बजट सभी वर्गों की आशा-आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा. केंद्रीय बजट सिर्फ बजट नहीं है, यह विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का विजन डॉक्यूमेंट है. यह सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी बजट है. बजट में तीन कर्तव्यों- आर्थिक विकास, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति और 'सबका साथ, सबका विकास' की परिकल्पना को साकार किया गया है. बजट में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है. बजट मध्य प्रदेश के दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा. पत्रकारवार्ता में जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, ननि अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल मौजूद रहे.

# उचित मूल्य दुकान उलही खुर्द के आवंटन के लिए आवेदन 10 तक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 फरवरी, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न का वितरण किया जाता है.**

सेवा सहकारी समिति रघुराजगढ़ द्वारा उचित मूल्य दुकान उलही खुर्द का संचालन छोड़ने के कारण दुकान के संचालन के लिए आवेदन पत्र 10 फरवरी तक आमंत्रित हैं. इस संबंध में एसडीएम मनगवां संजय जैन ने बताया कि दुकान संचालन के लिए केवल उपभोक्ता समिति, विपणन समिति, उत्पादक समिति, संसाधन समिति, बहुप्रयोजन समिति, महिला स्वसहायता समूह तथा संयुक्त वन प्रबंधन समिति आवेदन कर सकती हैं. आवेदन पत्र 10 फरवरी तक एसडीएम कार्यालय मनगवां में जमा किए जा सकते हैं. अन्य जानकारियाँ कार्यालयीन समय में एसडीएम कार्यालय अथवा विकासखण्ड प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन रायपुर कर्चुलियान से प्राप्त करे.

## रीवा संभाग में 112259 आवेदन पत्र प्राप्त

रीवा, 4 फरवरी, रीवा संभाग के सभी जिलों में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है. आवेदन पत्रों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर विभागवार दर्ज किया जा रहा है. इसके साथ-साथ आवेदन पत्रों के निराकरण की भी जानकारी पोर्टल में दर्ज की जा रही है.

# गोमती हटाने तक नगर निगम का अतिक्रमण स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 फरवरी, नगर निगम द्वारा इस समय अतिक्रमण स्वच्छता अभियान के तहत गोमतियां हटाई जा रही है. यह कार्यवाही चिन्हित कर की जा रही है. जिसकी पहुंच है उस पर कार्यवाही की गाज नही गिर रही है.**



निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार विद्यालयों के आसपास स्वच्छता एवं छात्र सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है. इसी क्रम में स्कूल के समीप संचालित तंबाकू, गुटखा एवं पान-मसाला के ठेले/गोमती को हटाने की कार्रवाई की गई. जिसमें मार्तण्ड स्कूल के पास पान-मसाला की गोमती हटाने की कार्रवाई की गई. इसके अतिरिक्त बाल भारती स्कूल, माडल स्कूल, गर्वमेंट स्कूल बोदाबाग, ज्योति स्कूल बोदाबाग, स्वागत भवन के पास नगर निगम स्कूल एवं इंजीनियरिंग कालेज के सामने से गोमतियों को भी हटाया गया साथ ही चेतावनी दी गई कि दुबारा पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी. मृगनयनी चैक मे अवैध गोमती रखकर आवागवन बाधित किया जा रहा था जिसे हटाने की कार्रवाई की गई. उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी रावेन्द्र शुक्ला, सुखेन्द्र चतुर्वेदी, अतिक्रमण सहायक आदि मौजूद रहे.

# रीवा में मोटे अनाज की पैदावार बढ़ाने किये जा रहे प्रयास

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 फरवरी, देश भर में मिलेट्स मिशन चलाया जा रहा है. रीवा जिले में भी कृषि के विविधीकरण के प्रयासों के तहत मोटे अनाजों की पैदावार बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं.**

मोटे अनाज उगाने के लिए बड़ी संख्या में किसानों ने प्राकृतिक खेती के लिए पंजीयन कराया है. अन्य अनाजों की तुलना में मोटे अनाज आसानी से पचने वाले और अधिक पोषण देने वाले होते हैं. मोटे अनाजों में फाइबर, प्रोटीन, विटामिन और कई तरह के खनिज पाए जाते हैं. मोटे अनाज प्राकृतिक रूप से ग्लूटेन फ्री होते हैं. मोटे अनाज उगाने के लिए परंपरागत खेती की विधियाँ उपयुक्त हैं.

इसलिए मोटे अनाज मिट्टी के स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा में भी सहायक होते हैं. इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि रीवा जिले ही नहीं पूरे विंध्य क्षेत्र में 50 वर्ष पूर्व तक मोटे अनाजों की बड़े पैमाने पर खेती होती थी. कोदौ, ज्वार, मक्का तथा अन्य मोटे अनाज लाभ दायक होते है.

# सिलपरा विद्युत साइफन में फंसा था छात्र का शव, पांच दिन बाद बरामद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 फरवरी, पांच दिन पूर्व सिलपरा नहर में लापता हुए छात्र का शव आज छठवें दिन बरामद कर लिया गया है.**

बता दें कि लापता छात्र की तलाश में बिछिया थाना पुलिस के साथ साथ एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की संयुक्त टीम रेशक्यू में जुटी हुई थी. नहर में गिरने के बाद छात्रा का शव सिलपरा स्थित विद्युत संयंत्र केंद्र के साइफन में फंसा हुआ था, जिसे कड़ी मशक्कत के बाद आज बाहर निकाल लिया गया है फिलहाल शव को पुलिस द्वारा अस्पताल लाया गया है, जहां पंचनामा करवाई कर अब पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पुरी कराई जाएगी. दरअसल 5 दिन पूर्व शहर के बजरंग नगर में रहने वाला 16 वर्षीय छात्र श्रेयांश कुशवाहा स्कूल से बंक मार कर अपने दोस्तों के संग स्कूटी में सवार होकर घूमने के लिए सिलपरा नहर पहुंचा था. यहां छात्र जब सेल्फी ले रहे थे तभी श्रेयांश का चश्मा नहर में जा गिरा और उसे निकालने के प्रयास में श्रेयांश का पैर फिसल गया और वह देखते ही देखते नहर के पानी में जा समांया. हालांकि घटना के दौरान मौके पर मौजूद साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह उसे बचाने में नाकाम रहे. घटना के बाद छात्र के साथियों द्वारा दी गई सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे, जहां पुलिस ने छात्र की तलाश में एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाया और रेस्क्यू शुरू कराया गया. घटना के तीन दिनों बाद भी जब छात्र का कोई पता नहीं चला तो प्रयागराज से एनडीआरएफ की 25 सदस्य टीम बुलाई गई जिसके बाद एक बार फिर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद घटना के 5 दिन बाद लापता हुए छात्र के शव को आज सिलपरा नहर से ही बरामद कर लिया गया. परिजनो को रो-रोकर बुरा हाल चार दिन से था.